हरिभूमि

# हिसार भूमि

रोहतक, बुधवार, 12 नवंबर 2025


तापमान

अधिकतम 25 .0 डिग्री
न्यूनतम 8 .0 डिग्री


12 शिविर में शहर के विकास को गति देने पर विस्तार से...





12 पीएयू की टीम ने एचएयू को रोमांचक मुकाबले में...




## खबर संक्षेप



हिसार। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से मुलाकात करते पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता।

### डॉ. कमल गुप्ता ने की केंद्रीय मंत्री से मुलाकात

**हिसार।** पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से उनके दिल्ली स्थित आवास पर भेंट की। भेंट के दौरान हिसार जिले के विकास कार्यों, प्रस्तावित परियोजनाओं एवं भविष्य की योजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। डॉ. गुप्ता ने विशेष रूप से अग्रोहा, हिसार ग्लोबल सिटी परियोजना के शीघ्र क्रियान्वयन का मुद्दा प्रमुखता से उठाया।

### विश्वकर्मा कॉलोनी से महिला काबू

**हिसार।** पुलिस की नशा निरोधक पुलिस टीम ने विश्वकर्मा कॉलोनी से एक महिला को काबू का 5.760 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। टीम प्रभारी उप निरीक्षक इंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर विश्वकर्मा कॉलोनी से एक महिला को काबू किया। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम विश्वकर्मा कॉलोनी निवासी सीमा उर्फ काली बताया। तलाशी लेने पर उक्त महिला के कब्जे से एक पॉलिथीन की थैली से 5.760 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। महिला पर एमटीएम थाना में केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया।

### एचएयू सुरक्षा अधिकारी योगेंद्र हुड्डा ने जीता गोल्ड

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सुरक्षा अधिकारी योगेंद्र हुड्डा ने खेल जगत में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने चेन्नई में 5 से 9 नवंबर तक आयोजित 23वीं एशिया मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 45 प्लस आयु वर्ग में शॉट पुट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता, जबकि डिस्कस थ्रो में रजत पदक हासिल किया।

### समाज उत्थान समिति ने सौपा ज्ञापन

**बरवाला।** शहर के एक निजी स्कूल के मामले में भीम आर्मी समाज उत्थान समिति हरियाणा अध्यक्ष बीरबल बरवाला ने अभिभावकों के साथ मिलकर एसडीएम कार्यालय में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष बीरबल बरवाला ने बताया कि शिक्षा विभाग ने जांच में पाया कि बरवाला शहर का एक निजी स्कूल लगातार धांधली कर रहा था।

### दिनेश सैनी बने बार एसोसिएशन के प्रधान

**बरवाला।** बार एसोसिएशन बरवाला के अधिवक्ताओं की चुनावी बैठक प्रधान राजेश श्योकंद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें बार एसोसिएशन बरवाला की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। नवनियुक्त सहसचिव संजय कुमार मक्कड ने बताया कि नई कार्यकारिणी में अधिवक्ता दिनेश सिंह सैनी को प्रधान, मनोज कुमार माट को उपप्रधान, नवदीप चहल को सचिव, संजय कुमार मक्कड़ को सह-सचिव और नरेश कुमार सिंगला को कोषाध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी गई है।

### सुषमा स्वराज पुरस्कार के लिए आवेदन 1 तक

**हिसार।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाली पात्र महिलाओं से सुषमा स्वराज पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिस महिला ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने जीवन में विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो या उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हों, वे सुषमा स्वराज पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकती हैं।

## पुरातत्व विभाग ने टीलों को एक दूसरे से जोड़ा

# राखीगढ़ी महोत्सव में आने वाले पर्यटक बैलगाड़ी की सवारी से करेंगे गांव की सैर

सरकार राखीगढ़ी को बड़ा पर्यटक केंद्र बनाने की योजना पर कर रही विशेष तौर पर काम

विशेष तैयारी के साथ मनाने की योजना पर खाका खींचा



नारनौंद। राखी गढ़ी में टीले एक से तीन पर जाने का रास्ता। फोटो : हरिभूमि



नारनौंद। राखी गढ़ी में पर्यटकों के देखने के लिए खोदाई के बाद खुली छोड़ी गई साइट।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

सरकार राखीगढ़ी को बड़ा पर्यटक केंद्र बनाने की योजना पर काम कर रही है। इसी को लेकर राखीगढ़ी महोत्सव की शुरुआत पिछले वर्ष से कर दी गई थी लेकिन पिछले वर्ष वह कार्यक्रम बीच में ही पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के निधन के कारण स्थगित करना पड़ा था। राखीगढ़ी महोत्सव इस बार भी विशेष तैयारी के साथ मनाने की योजना पर खाका खींचा जा रहा है। प्रदेश सरकार व पुरातत्व विभाग की तरफ से अलग-अलग योजनाओं पर काम करने में जुटा हुआ है। पर्यटकों को रिझाने के लिए विशेष आइटम तैयार किए जा रहे हैं। पर्यटकों के लिए गांव को देखने के लिए विशेष प्रकार की बैलगाड़ी तैयार की जाएगी जिससे कि वह पूरा गांव घूम कर देख सके। इसी तैयारी को लेकर पुरातत्व विभाग ने बाहर से आने वाले पर्यटकों को टीलों पर घूमने के लिए अलग-अलग रास्तों से गांव के बीच की तंग गलियों से जाना पड़ता था।लेकिन अब सभी टीलों को एक दूसरे से जोड़ दिया गया है ताकि आने वाले पर्यटकों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो।टीला नंबर एक और तीन सबसे महत्वपूर्ण गांव राखी गढ़ी में करीब आठ हजार वर्ष पुरानी हड़प्पा कालीन सभ्यता को देखने के लिए हर रोज देश-विदेश से पर्यटक पहुंचते है। पर्यटकों को एक टीले से दूसरे टीले पर जान के लिए परेशानियां का सामना करना पड़ता था।

### टीले नंबर एक पर होता था व्यापार

टीले नंबर एक पर खोदाई के दौरान भारी मात्रा में भट्ठियां पाई गई थी। जिनमें अलग-अलग प्रकार का सामान तैयार किया जाता था। इस टीले पर बड़े पैमाने पर व्यापार किया जाता था। यहां पर उनका औद्योगिक क्षेत्र था। यहां पर पत्थर के मनके, खिलौने, मिट्टी की चूड़ियां, सोने के मनके सहित काफी वस्तुएं पाई गई है।

### मिले आवास व गलियां के अवशेष

टीलें नंबर तीन पर दो मंजिले मकान, पक्की नालिया, कुआं, कच्ची ईंटों की दीवार, पक्की ईटों की दीवार, मिट्टी के बर्तन, मटके इत्यादि काफी अवशेष मिले हैं। खोदाई के बाद यहां पर भी इसको खुला छोड़ा गया है। और उनके ऊपर शेड बन गया है ताकि बारिश के पानी ये नष्ट न हो।

### 26 से 28 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा महोत्सव



हिसार। बैठक में दिशा निर्देश देते उपायुक्त अनीश यादव।

हिसार। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी राखीगढ़ी महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। आगामी 26 से 28 दिसंबर तक पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग द्वारा यह महोत्सव इस बार हाईब्रिड मोड में आयोजित किया जाएगा। महोत्सव में ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों प्रकार से प्रतिभागिता की जा सकेगी। महोत्सव की तैयारियों को लेकर मंगलवार को पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के निदेशक अमित खत्री की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त अनीश यादव, अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा, नारनौंद एसडीएम विकास यादव, हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल व सीटीएम हरिराम ने तैयारियों के संबंध में अधिकारियों से व्यापक चर्चा की। उपायुक्त ने कहा कि इतिहास एवं संस्कृति के प्रति रुचि रखने वालों के लिए राखीगढ़ी महोत्सव महत्वपूर्ण अवसर होगा। राखीगढ़ी न केवल देश बल्कि दुनिया का ऐतिहासिक महत्व का स्थल है। महोत्सव के दौरान पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) की ओर से पुरातत्व स्थलों की खोज और खुदाई की प्रक्रिया, विद्यार्थियों के लिए हेरिटेज वॉक, संग्रहालय का भ्रमण, प्रदर्शनी, सेमिनार, व्याख्यान और वर्कशॉप के माध्यम से विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**हांसी।** निकटवर्ती गांव जमावड़ी में मंगलवार की सुबह एक विवाहिता 23 वर्षीय आरती यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। आरती मंगलवार सुबह अपने घर पर मृत अवस्था में मिली। विवाहिता की मौत की सूचना मिलने पर सदर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुमेर सिंह पुलिस बल व फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे, फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां आरती के परिजनों के बयान पर मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका के परिजनों के अनुसार, आरती मूल रूप से कुरुक्षेत्र जिले के ज्योतिसर गांव की रहने वाली थी। उसकी शादी लगभग ढाई साल पहले रजत से हुई थी और उसका डेढ़ साल का एक बेटा भी है। मृतका आरती के परिजनों ने इसे दहेज हत्या बताया है। वहीं आरती के ससुराल पक्ष का कहना है कि मंगलवार सुबह आरती की अचानक तबीयत खराब हुई थी और उसके बाद रक्तचाप (बीपी) कम हो गया था, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने किया घटनास्थल का निरीक्षण सूचना मिलने पर सदर थाना प्रभारी सुमेर सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया।

### कोर्ट परिसर में दोस्त को मिलने के बहाने गांजा देता युवक गिरफ्तार



हांसी। पेशी के दौरान दोस्त को गांजा देने का प्रयास करने वाला आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

**हांसी।** अनाज मंडी पुलिस चौकी पुलिस ने कोर्ट परिसर में अपने दोस्त से मिलने के बहाने गांजा देने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव उमरा निवासी अजय के रूप में हुई है। अनाज मंडी पुलिस चौकी इंचार्ज सब-इंस्पेक्टर भीम सिंह ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी अजय 10 अक्टूबर को अपने दोस्त से मिलने के बहाने कोर्ट परिसर में आया हुआ था। और वह अपने दोस्त को मिलने के बहाने से उसे 3 ग्राम 12 मिलीग्राम गांजा देने की कोशिश कर रहा था। लेकिन कोर्ट परिसर में तैनात पुलिस कर्मी ने उसे आरोपी को गांजा देते हुए रगें हाथो गांजा देते हुए हिरासत में लेकर राजपत्रित अधिकारी के सामने नियमानुसार तलाशी ली गई तो उसके पास नशीला पदार्थ गांजा बरामद हुआ। जिसके बाद पुलिस ने नशीले पदार्थ गांजा को कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी के खिलाफ शहर थाना में मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर किया गया है।

## सैंट ज्ञानेश्वर स्कूल में हुआ मां भगवती व बालाजी का जागरण

माता रानी के भजनों पर देर रात तक झूमे भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



हांसी। मुख्य अतिथि साहिल भयाणा का स्वागत करते तुलसी दास जलंधरा व अन्य

मंडी सैनियान स्थित सैंट ज्ञानेश्वर स्कूल में सोमवार रात को माँ भगवती व बालाजी के विशाल जागरण का आयोजन किया गया। इसमें युवा भाजपा नेता साहिल भयाणा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सरपंच नन्द लाल ने की। जागरण में हन्नी जागरण एण्ड ग्रुप पार्टी ने मां भगवती व बालाजी के भजनों का सुन्दर गुणगान किया। जागरण में राधा-कृष्ण, शिव शंकर व पार्वती तथा सुदामा व काली माता की झांकियों ने सब दर्शकों का मन-मोह लिया। जाने-माने गायकों ने मधुर भजनों के द्वारा समां बांध दिया। प्राचार्य सतीश वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि हम सभी सनातन धर्म से जुड़े है और हम सभी धर्मो का सम्मान करते है। इस जागरण के द्वारा बच्चों में धार्मिकता का प्रचार करना है ताकि उन्हें अपने धर्मो में जानकारी मिल सके।



हिसार। गांव खरक पुनिया में आयोजित होने कार्यक्रम के दृष्टिगत समारोह स्थल का जायजा लेते हुए उपायुक्त अनीश यादव एवं हिसार पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, साथ हैं प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पुनिया।

### सीएम सैनी के प्रस्तावित कार्यक्रम 15 को पुनिया में

**हिसार।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आगामी 15 नवंबर को गांव खरक पुनिया में प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर मंगलवार को उपायुक्त अनीश यादव व पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कार्यक्रम स्थल का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पुनिया एवं पूर्व मंत्री अनूप धानक भी उपस्थित रहे। निरीक्षण दौरे के दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम को देखते हुए सभी तैयारियों को समय रहते पूरा कर लिया जाए। सुरक्षा के सभी प्रबंधन, संभावित स्थानों पर बैरिकेडिंग, निर्बाध बिजली सप्लाई, वाहनों की पार्किंग, आमजन, वीआईपी तथा मीडिया के बैठने का उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां स्पष्ट करते हुए कहा कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें ताकि कार्यक्रम की तैयारियों में किसी प्रकार की कमी न रहे। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने पुलिस अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया।

## श्री सनातन धर्म कन्या विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

- छात्रों को करवाया लोक संस्कृति से अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



हांसी। एमजी हेरिटेज ढंढूर के शैक्षणिक भ्रमण के दौरान मस्ती करते विद्यार्थी।

श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के साथ-साथ मनोरंजन एवं व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण के अंतर्गत विद्यार्थी एमजी हेरिटेज ढंढूर गए। विद्यालय प्राचार्या रेणु बंसल ने बताया कि बच्चों ने वहां पर विभिन्न ऐतिहासिक वस्तुओं, लोक संस्कृति एवं पारंपरिक जीवन शैली से संबंधित प्रदर्शनियों को देखा और उनके बारे में जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों के लिए यह भ्रमण ज्ञानवर्धक और मनोरंजक दोनों रहा। विद्यालय संरक्षक सज्जन कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष प्रीतम कुमार गोयल, प्रबंधक रजत कुमार अग्रवाल, सचिव नकुल कुमार अग्रवाल व सह सचिव ईश्वर कुमार गोयल ने शैक्षणिक भ्रमण को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

### टीम ने ऑटो मार्केट में हटाया अतिक्रमण

**हिसार।** ऑटो मार्केट फेस थ्री में अतिक्रमण हटाओ महा अभियान के दूसरे दिन भी जारी रहा। निगम की टीम क्रेन के साथ मौके पर पहुंची और सड़क पर लंबे समय से रखे वाहनों तथा जरनरेट को वहां से हटावा दिया। निगम अधिकारियों के अनुसार इस अभियान का उद्देश्य शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाना और यातायात व्यवस्था को सुचारु रखना है। अभियान के दौरान सिंचाई विभाग के विकास बिसन को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया। अभियान में तहबाजारी टीम के साथ ऑफिस सहायक सुरेंद्र वर्मा, जेई राजकुमार तथा पुलिस विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशासन की टीम ने समन्वय के साथ मिलकर कार्रवाई को अंजाम दिया।

## गोयंका स्कूल व पीजीएसडी शिक्षण संस्थान का सौंदर्यीकरण करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। जीएनजेएन गोयंका गर्ल्स स्कूल के विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्रधान बजरंग गर्ग। फोटो :हरिभूमि

जीएनजेएन गोयंका गर्ल्स स्कूल की मीटिंग स्कूल के प्रधान बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में सौंदर्यीकरण करवाने व बच्चों के नए एडमिशन करने पर विचार किया गया। मीटिंग में स्कूल के प्रधान बजरंग गर्ग ने कहा कि गोयंका गर्ल्स स्कूल व पीजीएसडी शिक्षण संस्थान का पूरी तरह सौंदर्यीकरण करवाया गया है। स्कूल बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है।

गर्ग ने कहा कि बच्चों की शिक्षा व परिणाम पर चर्चा की गई। जब हर साल स्कूल मेरिट पर आता है और आगे भी उसे अच्छा परिणाम आए उस पर जोर दिया गया। स्कूल के छात्र व छात्राएं खेल-कूद में अव्वल स्थान पर आने पर बजरंग गर्ग ने उनका सम्मान किया। इस मीटिंग में स्कूल संरक्षक नारायण दास बंसल, सचिव सुरेंद्र सिंगला, प्रिंसिपल सतेंद्र गोयल, प्रबंधक ओमप्रकाश असीजा, डॉ. केके वर्मा, अध्यापिका अंगूरी देवी, पीजीएसडी स्कूल के मुख्य अध्यापक गंगा प्रसाद मौर्य आदि ने स्कूल की तरक्की के लिए अपने विचार रखें।

## अगले वर्ष फ्रांस में होने वाली वर्ल्ड चैम्पियनशिप में खेलेगा मन्नत

# हिसार के छोरे मन्नत सैनी ने जीता आयरन मैन का द्वितीय खिताब

गोवा में हुआ था इंटरनेशनल मुकाबला, 33 देशों के 1300 प्रतिभागियों में लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार





हिसार। मैडल के साथ मन्नत सैनी।

33 देशों के 1300 प्रतिभागियों में हुए आयरमैन के इंटरनेशनल मुकाबले में हिसार के छोरे मन्नत सैनी ने अपने श्रेणी (18-24 वर्षीय) के प्रतिद्वन्दियों को पछाड़ते हुए कड़े संघर्ष के बाद दूसरा नम्बर प्राप्त कर भारत का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता गोवा में हुई। दूसरे नम्बर पर आने पर मन्नत सैनी को मैडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। गोवा की धरती पर हजारों खिलाड़ियों के बीच भारत देश का तिरंगा फहराया गया। मन्नत सैनी इससे पहले भी कई अवार्ड जीत चुका है। जवाहर नगर की विजय कॉलोनी में रहने वाला 19 वर्षीय मन्नत सैनी इस समय हरियाणा स्पोटर्स यूनिवर्सिटी, राई (सोनीपत) में बी.एस.सी.स्पोटर्स साइंस का द्वितीय वर्ष का छात्र है। मन्नत सैनी के पिता विजय सैनी ने बताया कि ओम प्रकाश जिंदल मॉडर्न स्कूल से पढ़े मन्नत को चौथी कक्षा से स्वीमिंग करने का शौक था। परिवार के सदस्यों ने उसका सदैव हौंसला बनाये रखा। उसने पांच बार स्टेट लेवल पर ट्रायथ लॉन खेलते हुए अपनी छाप छोड़ी। इन खेलों में वह दो बार गोल्ड मैडल तथा तीन बार सिल्वर मैडल लाया। इन खेलों में पहली बार उसकी 13वीं रेंकिंग, दूसरी बार 7वीं रेंकिंग तथा तीसरी बार नेशनल लेवल पर चौथी रेंकिंग आई। बताया कि 33 देशों के 1300 प्रतिभागियों में हुए आयरमैन के इंटरनेशनल मुकाबले में हिसार के छोरे मन्नत सैनी ने अपने श्रेणी (18-24 वर्षीय) के प्रतिद्वन्दियों को पछाड़ते हुए कड़े संघर्ष के बाद दूसरा नम्बर प्राप्त कर भारत का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता गोवा में हुई। दूसरे नम्बर पर आने पर मन्नत सैनी को मैडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### मन्नत की उपलब्धि

मन्नत सैनी के पिता विजय सैनी ने बताया कि गोवा में हुए आयरमैन के इंटरनेशनल मुकाबले में मन्नत सैनी ने समुद्र में 1.9 किलोमीटर स्वीमिंग,90 किलोमीटर साइकिलिंग और 21.1 किलोमीटर रनिंग करके दूसरे स्थान पर आया। खेल आयोजकों ने उसे प्रमाण पत्र व मैडल देकर सम्मानित किया। मन्नत ने देश भर में अपना नाम चमकाया है। अगले साल पूरे वर्ल्ड की आयरन मैन के लिए होने वाली चैम्पियनशिप में भाग लेगा।

### वर्ल्ड चैम्पियनशिप में खेलेगा मन्नत

आयरनमैन का खिताब जीतने वाले मन्नत सैनी के पिता विजय सैनी ने बताया कि गोवा में श्रेष्ठ प्रदर्शन के कारण उसका वर्ल्ड आयरन मैन चैम्पियनशिप के लिये चयन किया गया है, जो कि अगले वर्ष सितम्बर 2026 में फ्रांस में होगी। हरियाणा में बहुत कम बच्चे हैं, जो ऐसी प्रतियोगिता में भाग लेते हैं।

### धोखाधड़ी से रजिस्ट्री करवाने में महिला काबू


**हिसार।** आजाद नगर थाना पुलिस ने एक महिला आरोपी साकेत आजाद नगर निवासी मंजू सोनी को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोपी से पूछताछ जारी है। थाना प्रभारी ने बताया कि कुलदीप सिंह निवासी गांव झुम्पा कला, जिला भिवानी ने पुलिस को 18 अक्टूबर 2022 को दी शिकायत दी। शिकायतकर्ता ने बताया था कि आजाद नगर एरिया की न्यू साकेत कॉलोनी निवासी आरोपी महेन्द्र, उसकी पत्नी मंजू, बेटे अजय तथा अन्य लोगों ने आपस में साजिश कर फर्जी दस्तावेज तैयार कर गंगवा स्थित मकान की धोखे से रजिस्ट्री करवा ली।



# तेरे इश्क में समेत इन फिल्मों के इवेंट हुए कैंसिल

**मुंबई।** धर्मेंद्र की सेहत और दिल्ली धमाकों को देखते हुए आनंद एल राय की आगामी फिल्म 'तेरे इश्क में' से जुड़े एक इवेंट को कैंसिल कर दिया गया है। यह इवेंट राजधानी दिल्ली में होना था। इसके अलावा कुछ और फिल्मी इवेंट भी कैंसिल हुए हैं। 'तेरे इश्क में'28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में धनुष ने शंकर और कृति सेनन ने मुक्ति का किरदार निभाया है। इसके अलावा वेब सीरीज 'दिल्ली क्राइम 3' की स्क्रीनिंग को भी कैंसिल कर दिया गया है। दिल्ली क्राइम-3, 13 नवंबर से स्ट्रीम होने वाला है। हमें उम्मीद है कि आप इसे देखेंगे और अपना प्यार देंगे।'

लाइफ Style



# नोरा

## संगीत को समझना है तो श्रेया को सुनें

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नोरा फतेही अपने बेहतरीन डांस और एक्टिंग के साथ अपनी गायकी के लिए जानी जाती हैं। एक अमेरिकी पोडकास्ट में नोरा फतेही से पूछा गया कि वह बॉलीवुड की सबसे अच्छी सिंगर के तौर पर किसका नाम लेना चाहेंगी, इस पर उन्होंने श्रेया घोषाल का नाम लिया।


नोरा फतेही ने श्रेया के साथ एक गाना भी गाया है। हाल ही में नोरा फतेही ने सिएरा के पोडकास्ट में अपने सिंगिंग, एक्टिंग और डांसिंग कॅरियर के बारे में खुलकर बात की। बातचीत के दौरान जब सिएरा ने नोरा से पूछा कि वह बॉलीवुड की सबसे अच्छी सिंगर के तौर पर किसका नाम लेना चाहेंगी। इस पर नोरा फतेही ने सिंगर श्रेया घोषाल का नाम लिया। नोरा फतेही ने कहा 'अगर आपने बॉलीवुड के गाने नहीं सुने हैं और आप उसके बारे में जानना चाहते हैं, तो मैं कहूंगी कि आप श्रेया घोषाल के गाने सुनें। वह एक आइकन हैं। मैंने उनके साथ (ओह मामा! तेतेमा) गाना गाया है। इस गाने में उन्होंने हिंदी वाला हिस्सा गाया है। उनकी आवाज अब तक कि सबसे अच्छी आवाजों में से एक है, जो मैंने सुनी है। उन्होंने बॉलीवुड की कई बेहतरीन फिल्मों के बेहतरीन गाने गए हैं। इसके अलावा उन्होंने कई गाने गए हैं। वह जिस तरह गाती हैं, वह शानदार है। कोई भी बॉलीवुड के संगीत, संस्कृति और इसकी भावना को समझना चाहता है, उसे श्रेया को सुनना चाहिए।' श्रेया घोषाल को भारत की सबसे अच्छी गायिकाओं में से एक माना जाता है। वह सबसे ज्यादा पुरस्कार पाने वाली गायकों में शामिल हैं।

हॉलीवुड मसाला



# कोबायाशी के साथ दीं यादगार फिल्में

**लॉस एंजिल्स।** जापान के मशहूर अभिनेता तात्सुया नाकादाई का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। तात्सुया को 'रण', 'हाराकिरी' और 'द ह्यूमन कंडीशन' जैसी फिल्मों में अपने शानदार अभिनय के लिए जाना जाता है। अकीरा कुरोसावा की 1985 में आई फिल्म 'रण' में नाकादाई द्वारा निभाया गया लॉर्ड हिदेतोरा इचिमोनजी का किरदार उनके सबसे प्रतिष्ठित किरदारों में से एक है। तात्सुया नाकादाई ने मसाकी कोबायाशी की द ह्यूमन कंडीशन ट्रियोलॉजी- नो ग्रेटर लव (1959), रोड टू एटरनिटी (1959), और ए सोल्जर्स प्रेयर (1961) में शानदार अभिनय किया।



# वन्स वेयर वॉरियर्स और डाई अनदर डे से हुए मशहूर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्मों के मशहूर निर्देशक ली तामाहोरी का 75 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। उन्हें 'वन्स वेयर वॉरियर्स' और 'डाई अनदर डे'जैसी जबरदस्त फिल्मों के निर्माण के लिए पहचाना जाता था। निर्देशक ली तामाहोरी ने कई जबरदस्त फिल्मों का निर्देशन किया था। उन्होंने मुलहोलैंड फॉल्स, एंथनी हॉपकिंस और एलेक बाल्डविन अभिनीत सर्वाइवल थ्रिलर द एज और क्राइम फिल्म अलोंग केम अ स्पाइडर शामिल हैं। उन्होंने जेम्स बॉन्ड अभिनीत फिल्म 'डाई अनदर डे' और एक्शन सीक्वल 'एक्सएक्सएक्सः स्टेट ऑफ द यूनियन' का भी निर्देशन किया था। ली तामाहोरी के परिवार में उनकी पत्नी जस्टिन और बच्चे सैम, मैक्स, मेका और ताने हैं। ली तमाहोरी का जन्म 1950 में वेलिंगटन में हुआ था। उन्होंने अपने सिनेमाई कॅरियर की शुरुआत सहायक निर्देशक के रूप में की थी।



# एसएसएमबी-29 का पहना गाना रिलीज


**मुंबई।** एसएस राजामौली और महेश बाबू की बहुप्रतीक्षित आगामी फिल्म 'एसएसएमबी 29' से अपडेट अब लगातार सामने आ रहे हैं। पृथ्वीराज सुकुमारन का फर्स्ट लुक और महेश बाबू व प्रियंका चोपड़ा के वीडियो संदेश सामने आने के बाद, अब सोमवार को फिल्म का पहला सिंगल गाना रिलीज किया गया है। सबसे खास बात कि एमएम कीरवानी द्वारा कंपोज किए गए इस गाने में श्रुति हासन ने अपनी आवाज दी है। ऑस्कर विजेता संगीतकार एमएम कीरवानी द्वारा कंपोज किए गए इस गाने को 'ग्लोबट्रॉटर' टाइटल के साथ रिलीज किया गया है। गाने को यूट्यूब पर रिलीज किया गया है। हालांकि, अभी इस गाने का वीडियो सामने नहीं आया है। यानी गाने को सिर्फ एक ऑडियो के तौर पर जारी किया गया है। अभी इस गाने को सिर्फ तेलुगु भाषा में रिलीज किया गया है।



# प्रियदर्शन के साथ शेयर की अनदेखी तस्वीर

**मुंबई।** निर्देशक प्रियदर्शन की आगामी हॉरर फिल्म 'हैवान' को लेकर श्रिया पिलगांवकर ने सोशल मीडिया पर अहम जानकारी शेयर की है। इस जानकारी के साथ श्रिया ने प्रियदर्शन के साथ खास तस्वीर भी शेयर की है। जिसके साथ श्रिया ने जानकारी दी है कि उन्होंने फिल्म 'हैवान' में अपने हिस्से की शूटिंग खत्म कर ली है। यह तस्वीर फिल्म 'हैवान' के सेट की है। इस तस्वीर में श्रिया और प्रियदर्शन मुस्कुराते नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में श्रिया हाथ में एक क्लैप बोर्ड पकड़े हुए हैं। जिसपर लिखा है 'हैवान'। श्रिया ने अपनी और प्रियदर्शन की इस तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, मेरे लिए हैवान का काम खत्म हुआ। इस शानदार टीम के साथ काम करना एक परम सौभाग्य की बात है, जिसका नेतृत्व किया निर्देशक प्रियदर्शन ने।'

टीवी मसाला



# आधी रात बिग बॉस 19 से बाहर हुआ मृदुल

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' के घर से अब एक और सदस्य का सफर खत्म हो गया है। जैसे-जैसे शो का फिनाले करीब आ रहा है, वैसे-वैसे प्रतियोगियों के बीच टेंशन बढ़ती जा रही है। चार हफ्ते बाद जब इस सीजन के विजेता की घोषणा होगी, उससे पहले दर्शकों को देखने को मिला है एक बड़ा ट्विस्ट- लाइव ऑडियंस द्वारा किया गया मिड-वीक एविक्शन। और इस बार शो से बाहर हुए हैं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मृदुल तिवारी। पिछले वीकेंड में जहां डबल एविक्शन ने घरवालों को हिला दिया था, वहीं अब बिग बॉस ने अचानक मिड वीक एविक्शन का ऐलान कर दिया। बिग बॉस के अपडेट्स देने वाले पेज 'बिग बॉस तक' ने बताया है कि मृदुल घर से आउट हो गए हैं। इस बार फैसला घर के अंदर गई लाइव ऑडियंस ने किया, जिसने हर कंटेस्टेंट की परफॉर्मेंस देखकर वोटिंग की। वोटिंग के नतीजे चौंकाने वाले रहे- सबसे कम वोट मृदुल तिवारी को मिले और उन्हें फिनाले से ठीक चार हफ्ते पहले घर से बाहर जाना पड़ा। दरअसल, इस हफ्ते बिग बॉस ने एक खास कैप्टेंसी टास्क रखा था जिसमें तीन टीम बनाई गईं- टीम गौरव, टीम कुनिका और टीम शहबाज। इस टास्क के संचालक थे अमाल मलिक। शुरुआती दो राउंड में कुनिका और गौरव की टीम ने बाजी मारी, लेकिन तीसरे राउंड में बिग बॉस ने गेम में ट्विस्ट डालते हुए बताया कि अब फैसला ऑडियंस के हाथ में होगा। लाइव दर्शक घर के अंदर आए और उन्होंने प्रत्येक सदस्य की एक्टिविटी के आधार पर वोट दिए। जैसा कि हमेशा बिग बॉस के खेल में होता आया है, यहां भी नतीजा अप्रत्याशित रहा।

## इंडियन आइडल 16 में पहुंचीं उर्मिला

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर हमेशा से अपने समय की सबसे पसंदीदा एक्ट्रेस में से एक रही हैं। 90 के दशक में उनके गाने



और फिल्मी डांस ने दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई। उनकी फिल्में और गाने आज भी लोगों के चेहरे पर मुस्कान ला देते हैं। जब वह 'इंडियन आइडल 16' के ग्रैंड प्रीमियर में गेस्ट के रूप में पहुंचीं, तो 90 के दशक की यादें ताजा हो गईं। शो में कंटेस्टेंट अंशिका चोंकर ने 1995 में रिलीज हुई फिल्म रंगीला का टाइटल ट्रैक 'रंगीला रे'गाया, तो उर्मिला पुरानी यादों में खो गईं और इमोशनल हो गईं। उन्होंने स्टेज पर इस गाने पर डांस भी किया। अंशिका की परफॉर्मेंस से खुश होकर उर्मिला ने उन्हें तोहफे के तौर पर एक सिक्का दिया। इस सिक्के को अपनी जिंदगी का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए उन्होंने कहा कि यह वही सिक्का है जो उन्हें इस फिल्म की रिलीज के वक्त मिला था। उन्होंने कहा, मैं अपनी पहली फिल्म देखने के लिए थिएटर में गई थी, जब मेरा गाना स्क्रीन पर आया, तो लोगों ने खुशी में पैसे फेंकने शुरू कर दिए।

इंसानियत की मिसाल, 3800 बच्चों को जीवनदान

# सिंगर पलक का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ नाम...

*नई दिल्ली। बॉलीवुड की फेमस सिंगर पलक मुच्छल चर्चा में हैं। अपने गानों के कारण नहीं, बल्कि इंसानियत की मिसाल कायम करने की वजह से। वो अपनी कमाई की ज्यादातर हिस्सा हार्ट सर्जरी के लिए दान करती हैं। अब उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। उन्होंने अब तक 3800 बच्चों की हार्ट सर्जरी करवाई है। अपनी दिलकश आवाज और सोलफुल म्यूजिक के लिए फेमस बॉलीवुड सिंगर पलक मुच्छल ने अब गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में जगह बना ली है। वो भी अपने संगीत के लिए नहीं, बल्कि मानवता की मिसाल कायम करने के लिए। इंदौर में जन्मीं पलक मुच्छल ने 'पलक पलाश चैरिटेबल फाउंडेशन' के जरिए भारत और उसके बाहर वंचित बच्चों की मदद की है। करीब 3800 हार्ट सर्जरी के लिए पैसे जुटाए हैं।*

### कारगिल शहीदों के परिवारों की भी मदद

आप शायद ही जानते होंगे कि पलक कई साल से कारगिल शहीदों के परिवारों की भी कर रही हैं। उन्होंने गुजरात भूकंप पीड़ितों की राहत के लिए 10 लाख रुपये दान किए थे।



### कभी नहीं रुकेगी मदद

पलक ने मेरी आशिकी, कौन तुझे, सनम तेरी कसम, इक मुलाकात, देखा हजारो दफा और प्रेम रतन धन पायो जैसे सुपरहिट गाने गाए हैं। उनके पति मिथुन शर्मा भी कंपोजर हैं। वो इस जर्नी में पलक के साथ खड़े रहते है। उन्होंने कहा कि भले ही शो ना हो, कमाई ना हो, बच्चों की सर्जरी कभी नहीं रुकेगी।

### वो पल, जब पलक ने मदद करने का खुद से किया वादा

पलक बहुत कम उम्र से ही जरूरतमंदों की मदद करती आई हैं। बचपन में ट्रेन से सफर के दौरान उनकी मुलाकात वंचित बच्चों से हुई। ये वो पल था, जब उनकी जिंदगी बदल गई। उसी दिन उन्होंने खुद से वादा किया कि वो एक दिन उनकी मदद जरूर करेंगी। अब वो अपनी कमाई का काफी हिस्सा जिंदगी को बचाने में लगाती हैं।

# ग्रैमी अवॉर्ड में एल्बम 'साउंड्स ऑफ कुंभ' को मिला नामांकन





**नई दिल्ली।** एल्बम 'साउंड्स ऑफ कुंभ' को बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम कटेगरी में 68वें ग्रैमी अवॉर्ड के लिए नामांकन मिला है। यह एल्बम महाकुंभ उत्सव से प्रेरित है। एल्बम को गायक-कंपोजर सिद्धांत भाटिया की तरफ से प्रस्तुत किया गया है। यह भारतीय संगीत के लिए एक बड़ी कामयाबी है। इस एल्बम में 12 गीत हैं। इसमें भारत और विदेशों के लगभग 50 कलाकारों ने काम किया है। एल्बम में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हुए महाकुंभ की भावना को दर्शाया गया है। महाकुंभ इस साल जनवरी और फरवरी में 45 दिनों तक हुआ था। इसमें बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों ने हिस्सा लिया था। 'साउंड्स ऑफ कुंभ' एल्बम में प्रयागराज से लाइव फील्ड रिकॉर्डिंग की गई। इसमें प्राचीन मंत्र शामिल किए गए। इसमें बाइनॉरल बीट्स को भी शामिल किया गया है। इस एल्बम को बनाने में सिद्धांत भाटिया के अलावा जिम किमो वेस्ट, राघव मेहता, मैडी दास, रॉन कोरब, चारू सूरी और देवराज सान्याल ने सहयोग किया है। एल्बम में वी सेल्वगनेश, राजा कुमारी, आदित्य गढ़वी, कनिका कपूर, कला रामनाथ, भानुमती नरसिम्हन, प्रवीण गोडखिंडी, अजय प्रसन्ना और कल्याणी नायर जैसे लोगों का योगदान है।

## हिंदी सिनेमा के 'राजा-रानी', पहली मूवी में कर बैठे प्यार

# 31 फिल्मों में किया रोमांस! 10 साल बाद बनी रियल जोड़ी


### 'तुम हसीन मैं जवान' के सेट पर मिले

दोनों सितारे मेकर्स के पसंदीदा ऑनस्क्रीन कपल बन गए। उन्होंने साथ में करीब 31 फिल्में कीं, जो अपने-आप में एक रिकॉर्ड है। वे पहली बार 1970 की मूवी 'तुम हसीन मैं जवान' के सेट पर मिले और देखते ही देखते एक-दूसरे पर फिदा हो गए। हम धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की बात कर रहे हैं, जिन्होंने सीता और गीता, राजा रानी, आस पास, पत्थर और पायल, ड्रीम गर्ल और शोले सहित लगभग 31 फिल्मों में काम किया था।

### शोले की शूटिंग का यह मशहूर किस्सा

धर्मेंद्र-हेमा मालिनी का एक-दूसरे के लिए दिल धड़कने लगा। शादीशुदा होने के बाद बावजूद धर्मेंद्र, हेमा मालिनी के इश्क में गिरफ्तार हो गए। शोले की शूटिंग का एक किस्सा काफी मशहूर है, जिसमें वीरू (धर्मेंद्र), बसंती (हेमा मालिनी) को रिव्लॉवर इस्तेमाल करना सिखाते दिखाते हैं। कहते हैं कि उसी सीन की शूटिंग के समय धर्मेंद्र लाइट ब्वॉयज को उन्हें डिस्टर्ब करने के 20 रुपए देते थे, ताकि उन्हें हेमा मालिनी के करीब रहने का ज्यादा वक्त मिल सके। इस तरह धर्मेंद्र को हेमा मालिनी को बार-बार गले लगाने का मौका मिल रहा था।

*नई दिल्ली। अगर आपने हिंदी फिल्में देखी हैं, तो आपकी कोई फेवरेट जोड़ी जरूर होगी, जिसकी फिल्में आप बार-बार देखना पसंद करते हैं। अगर बॉलीवुड की ऑल-टाइम हिट जोड़ी की बात करें, तो एक जोड़ी सब पर भारी है। वे हिंदी सिनेमा के असली 'राजा-रानी' हैं, जिन्होंने लगभग 31 फिल्में साथ में कीं और सेट पर पहली मुलाकात के 10 साल बाद धर्म बदल कर शादी कर ली। हम बॉलीवुड की जिस सुपरहिट जोड़ी की बात कर रहे हैं, उन्हें अभिनय में लाने का श्रेय कहीं-न-कहीं उनकी मांओं को जाता है। होरी की मां उनकी सबसे बड़ी सपोर्टर थीं, तो हीरोइन की मां ताउम्र उनकी मैनेजर रहीं। जब दोनों सितारे पहली बार 1970 में मूवी सेट पर मिले, तो सिर्फ पर्दे पर नहीं, उनकी जिंदगी में भी मैजिक हो गया।*



### चुपचाप धर्म बदल कर शादी कर ली

चूंकि धर्मेंद्र की प्रकाश कौर से पहले ही शादी हो चुकी थी और उनसे उनके चार बच्चे भी थे, इसलिए हेमा मालिनी ने शुरू में उनके शादी के प्रस्ताव को नकार दिया। हालांकि, वे बाद में प्यार में इतना मजबूर हुए कि चुपचाप धर्म बदल कर शादी कर ली। धर्मेंद्र ने मुस्लिम रीति-रिवाजों से हेमा मालिनी से दूसरी शादी की। हेमा मालिनी के प्यार में पड़ने से पहले धर्मेंद्र का नाम टॉप हीरोइनों मीना कुमारी और सायरा बानो के साथ जुड़ा। कहते हैं कि 60 के दशक में धर्मेंद्र के कॅरियर को आकार देने में मीना कुमारी का बड़ा रोल था।

### 1987 में लगातार सात हिट फिल्में दी थीं

धर्मेंद्र ने 2011 में एक इंटरव्यू में पत्नी हेमा मालिनी के बारे में कहा था, 'हमारा साथ बहुत ही खूबसूरत रहा है। हमने साथ में कई फिल्में की हैं और कई हिट्स दी हैं। हमें सबसे पसंदीदा ऑन-स्क्रीन जोड़ी में से एक माना जाता है। हमारी केमिस्ट्री कमाल है और हम एक-दूसरे को बहुत अच्छे से कंप्लीट करते हैं। मुझे हमेशा उनके साथ काम करने में आनंद आया। वह सबसे खूबसूरत महिला हैं, जिन्हें मैं जानता हूं। वह बहुत ही केयरिंग हैं। मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं।' धर्मेंद्र एकमात्र एक्टर हैं, जिन्होंने 1987 में लगातार 7 हिट फिल्में दी थीं। उन्हें साल 2012 में पद्म भूषण अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। 1997 मे उन्हें फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

## खबर संक्षेप

### 73वां विशाल भैरव जागरण आज

**सिरसा।** शहर के पुरानी कमेटी वाली गली में स्थित श्री बटुक भैरव मंदिर में 73वां विशाल भैरव जागरण आयोजित किया जा रहा है। पुजारी पंचांग कृष्ण पुरोहित ने बताया कि 12 नवंबर की सांय 7 बजे गणेश पूजन होगा। रात्रि 9 बजे से जागरण होगा, जिसमें दिनेश पांडे उर्फ धन्ना, चिरंजीव खटाणा, केश्व खटाणा अपनी मधुर वाणी से भजनों की अमृत वर्षा करेंगे, जबकि चमन राठौड़ यूजिकल गुर्रप सहयोग करेंगे।

### मुख्यमंत्री 15 को करेंगे अग्रवाल सदन का लोकार्पण

**सिरसा।** शहर के भगवान परशुराम चौक के निकट नवनिर्मित अग्रवाल सेवा सदन का लोकार्पण आगामी 15 नवम्बर को मुख्यमंत्री नायब सिंह करेंगे। अग्रवाल सेवा सदन के अध्यक्ष संजीव जैन ने मंगलवार को बताया कि सदन के निर्माण में अग्रवाल समाज के सभी दानी सज्जनों ने अपना योगदान दिया और सिरसा वासियों के लिए विशाल सेवा सदन दिया है। उन्होंने बताया कि चार फ्लोर में 50 वातानुकूलित कमरे सेवा सदन में बनाए गए हैं। भूमिगत पार्किंग की सुविधा भी मिलेगी। ग्राउंड फ्लोर पर बनाए गए महाराजा वातानुकूलित हॉल में किसी भी आयोजन में 500 लोगों के लिए व्यवस्था रहेगी। पहली मंजिल पर 6 कमरे और दो वातानुकूलित हॉल स्थापित किए गए हैं।

### पुलिस ने सुलझाई चोरी की गुत्थी

**डबवाली।** शहर थाना पुलिस ने दुकान में हुई चोरी की वारदात का पर्दाफाश करते हुए आरोपी को काबू कर उसके कब्जे से चोरीशुदा मोबाइल बरामद कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान कुश पुत्र पारस राम के रूप में हुई है। शहर थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि 28 अक्टूबर को सुरेश कुमार पुत्र वेद प्रकाश निवासी की शिकायत पर कि 27 अक्टूबर को शाम 7 बजे वह अंडर ब्रिज मंडी डबवाली के पास स्थित अपने गणेश पाईप स्टोर का ताला लगाकर घर चला गया था। जो सुबह आकर उसने ताला खोला तो उसकी दुकान का सामान बिखरा पड़ा था और उसकी दुकान से बिजली की मोटर, ग्रेंडर, तांबे की तार व मोबाइल फोन को किसी अज्ञात व्यक्ति ने छत के रास्ते आकर चोरी कर लिया। जिस पर थाना शहर में अभियोग दर्ज कर मुख्य सिपाही राकेश कुमार द्वारा जांच शुरू की गई थी।

### विश्व डायबिटीज दिवस पर दो दिवसीय जांच कैंप 14 से

**सिरसा।** विश्व डायबिटीज दिवस पर संजीवनी अस्पताल में आगामी 14 व 15 नवंबर को मुफ्त जांच कैंप लगाया जाएगा, जिसमें शुगर रोग विशेषज्ञ व आंखों की जांच एवं न्यूरोलॉजिस्ट और आहार विशेषज्ञ निशुल्क जांच करेंगे व शुगर जांच टेस्ट एव डाइट चार्ट निःशुल्क बनाकर दिया जाएगा। इस कैंप में मुख्यातिथि जिला पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण शिरकत होंगे। अस्पताल के संचालक डॉ. अंजनी अग्रवाल ने बताया कि शुगर एक गंभीर बीमारी है लेकिन समय पर जांच और सही इलाज से इसे कंट्रोल किया जा सकता है। उन्होंने सभी का आह्वान किया कि वे इस कैंप का लाभ उठाएं।

### भाजपा सरकार में लोग कर्जदार बने : केडिया

**सिरसा।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट नवीन केडिया ने कहा कि जहां हरियाणा की भाजपा सरकार कर्ज लेकर घी पीने वाली कहावत को चरितार्थ कर रही है, वहीं उसके शासनकाल में प्रदेश के लोग कर्जदार हो रहे हैं। हरियाणा की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए केडिया ने कहा कि हरियाणा के लोग बचत नहीं कर पा रहे हैं बल्कि उन्हें घर चलाने को कर्ज का सहारा लेना पड़ रहा है। अपने बयान में कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा सरकार हवन करते हाथ जलने वाले काम कर रही है जिससे जनता को तो कोई लाभ पहुंच नहीं रहा, उलटे उसे कर्जदार बनना पड़ रहा है। भाजपा के शासन में महंगाई इतने चरम पर पहुंच गई है कि उससे पार पाने के लिए जनता को कर्ज उठाने की नौबत आ गई है।

# सातवीं राष्ट्रीय बैंडी प्रतियोगिता में हरियाणा ने ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी जीती

- देहरादून के हिमाद्री आइस रिंक में हरियाणा के खिलाड़ी छाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



सातवीं राष्ट्रीय बैंडी प्रतियोगिता में विजेता हरियाणा की टीम।

देहरादून के हिमाद्री आइस रिंक में बैंडी एसोसिएशन ऑफ इंडियनस द्वारा आयोजित सातवीं राष्ट्रीय बैंडी प्रतियोगिता में हरियाणा राज्य ने 26 अंकों से ओवरऑल चैंपियन बना। दूसरे स्थान पर तमिलनाडु 16 अंक और 13 अंकों से उत्तर प्रदेश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। हरियाणा बैंडी एसोसिएशन के महासचिव एवं फतेहाबाद के प्रमुख कोच प्रमोद कौशिक ने बताया कि हरियाणा बैंडी एसोसिएशन के सहसचिव ज्योति शर्मा व बैंडी प्रशिक्षक रवि ढिल्लो के नेतृत्व में हरियाणा राज्य से 60 सदस्यीय टीम ने विभिन्न आयु वर्ग में भाग लिया, जिसमें फतेहाबाद के भी खिलाड़ी शामिल रहे। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन अमित सिन्हा, महासचिव खेल एवं युवा कल्याण विभाग देहरादून द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता के विजेता टीम कजाकिस्तान में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय बैंडी प्रतियोगिता में भाग लेगी। प्रमोद कौशिक ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से 350 खिलाडिय़ों ने भाग लिया। हरियाणा ने अंडर 12 वर्ष आयु वर्ग लडक़ों में, 14 वर्ष आयु वर्ग लडक़ों, अंडर-17 वर्ष आयु वर्ग व सीनियर महिला टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर -10 आयु वर्ग लडक़ों तथा सीनियर ब्वॉयज वर्ग में हरियाणा की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर हरियाणा बैंडी एसोसिएशन के प्रधान श्रीभगवान शर्मा, सह सचिव कृष्ण कौशिक, सचिव अजय कुमार कोच, गुरुग्राम बैंडी डायरेक्टर राजकुमार सोनीपत, प्रधान रामावतार हिसार, पावेल कोच हिसार, उप प्रधान गुरविंदर सिंह, बूटा सिंह, सुरजीत कोच, विशु कोच, रोहतक बैंडी एसोसिएशन के महासचिव ज्योति शर्मा, प्रधान अनिल करनस आदि गणमान्य सदस्यों ने विजेता खिलाडिय़ों को बधाई दी और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

## द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब की सुखरीत ने जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद।



**फतेहाबाद।** विजेता खिलाड़ी का स्वागत करते शहरवासी।

द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब फतेहाबाद की बॉक्सर सुखरीत ने हाल ही में अरुणाचल प्रदेश में आयोजित हुई 69वीं नेशनल स्कूल गेम्स बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में अपनी प्रतिद्वंदी खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए गोल्ड मैडल जीतकर अपने माता पिता, फतेहाबाद जिले व अकैडमी का नाम रोशन किया है। सुखरीत की इस बड़ी जीत का जश्न अकैडमी द्वारा बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। फतेहाबाद पहुंचने पर सुखरीत का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। अकैडमी कोच प्रदीप कुमार के नेतृत्व में आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में सुखरीत का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों व खिलाड़ियों ने गर्मजोशी के साथ सुखरीत व उनके कोच प्रदीप कुमार का सम्मान करते हुए उन्हें ओपन जीप में सवार कर रोड शो निकाला। जहां शहरवासियों ने भी सुखरीत और प्रदीप कुमार को बधाई दी। शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए रोड शो एमएम कॉलेज स्थित अकैडमी के प्रांगण में पहुंचा। सुखरीत की इस शानदार उपलब्धि के लिए अर्जुन अवॉर्डी ऑलम्पियन बॉक्सर कोच जयभगवान, इंटरनेशनल कोच डॉ. राजीव गोदारा, अकैडमी कोच प्रवीण कुमार ने भी बधाई दी।

## पार्षदों ने बीजेपी जिलाध्यक्ष को 35 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा

# दो कनिष्ठ अभियंताओं के ट्रांसफर के बाद 9 दिन से चल रहा पार्षदों का धरना खत्म

बीजेपी जिलाध्यक्ष और डीएमसी ने धरनास्थल पर जाकर पार्षदों को दिखाई ट्रांसफर की कॉपी, कहा : विकास कार्य होंगे तेज



**फतेहाबाद।** पार्षदों से बातचीत कर धरना खत्म करवाते बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अधिकारियों के मनमाने रवैये से नाराज पिछले 9 दिन से चल रहा पार्षदों का धरना मंगलवार को दो कनिष्ठ अभियंताओं के ट्रांसफर के बाद खत्म हो गया। मंगलवार शाम को भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा व डीएमसी अनुराग ढालिया पार्षदों के धरने पर पहुंचे और उन्हें जेई लोकेन्द्र व बृजलाल के ट्रांसफर आर्डर दिखाए। इसके बाद पार्षद धरना स्थगित करने पर राजी हो गए। पार्षदों ने बीजेपी जिलाध्यक्ष को शहर के विकास कार्यों से सम्बंधित एक 35 सूत्रीय मांग पत्र भी सौंपा। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा व डीएमसी अनुराग ढालिया के समक्ष धरना समाप्त करने की घोषणा वरिष्ठ पार्षद मोहन लाल नारंग ने की। इससे पूर्व मंगलवार सुबह सिरसा लोकसभा क्षेत्र से सांसद कुमारी सैलजा ने भी पार्षदों के धरने को समर्थन देने की घोषणा की थी। सांसद ने स्वयं बुधवार को पार्षदों के धरने पर पहुंचना था लेकिन उससे पूर्व ही पार्षदों ने आज धरना खत्म कर दिया।

अधिकारियों के रवैये के खिलाफ व शहर के विकास कार्यों को लेकर पिछले 9 दिनों से पार्षद धरने पर थे। शासन-प्रशासन द्वारा उनकी एक न सुने जाने के बाद शनिवार को पार्षदों ने इसे राजनीतिक मंच के रूप में इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। पार्षदों ने शहर के सभी सामाजिक संगठनों व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रबुद्ध लोगों को धरने में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इसके बाद प्रशासन हरकत में आया और बीजेपी जिला प्रधान ने धरनास्थल पर जाकर पार्षदों से बातचीत की। प्रवीण जोड़ा ने धरनास्थल पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि उनके पास भूना नगरपालिका चेयरमैन प्रतिनिधि पंकज पसरीजा आए थे और इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की थी। इसके बाद उन्होंने जिला प्रशासन से पूरी रिपोर्ट लेकर दोनों कनिष्ठ अभियंताओं के तबादले के लिए सीएम को लिखा। देर शाम को सीएम द्वारा दोनों कनिष्ठ अभियंताओं के तबादले के आर्डर जारी करवा दिए। दोनों जेई को फतेहाबाद से ट्रांसफर कर रतिया व टोहाना भेजा गया है। बीजेपी जिलाध्यक्ष ने कहा कि बीजेपी सरकार समान रूप से विकास कार्य करवा रही है। यहां कुछ अधिकारियों और पार्षदों के बीच मतभेद थे, जिन्हें दूर कर दिया गया है। शहर में विकास कार्यों को तेज किया जाएगा और पार्षदों की सभी समस्याओं का समाधान होगा।

### नगर परिषद के कार्यों में पारदर्शिता और विकास कार्यों की मांग पर दिया था धरना

बता दें कि, पार्षद लंबे समय से नगर परिषद के कार्यों में पारदर्शिता और विकास कार्यों की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए थे। पार्षदों के आंदोलन के चलते डीएमसी एवं अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने धरनास्थल पर जाकर पार्षदों से बातचीत की और उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया था। इसके बाद डीएमसी द्वारा 6 नवंबर को हाऊस की बैठक भी बुलाई गई थी, जिसमें पार्षदों ने अपने वार्डों में विकास कार्यों को लेकर एजेंडे सौंपे लेकिन उसके बाद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई तो पार्षदों ने रविवार से नगरपरिषद के मुख्य गेट पर तंबू गाढ़ते हुए धरना शुरू कर दिया था। पार्षद मोहन लाल नारंग और पार्षद सुभाष नायक का कहा था कि पार्षद चाहते हैं कि नगर परिषद में कानून के अनुसार काम होने चाहिए। चिल्ली झील का मुद्दा नहीं सुलझा है। सोलर लाइटें लगी हुई हैं, उनकी कोई संभाल नहीं है। डिवाइडर बनाने में तकनीकी खामियां बरती गई। कोई मॉनिटरिंग कमेटी ही नहीं है। अब स्ट्रीट लाइट्स का ठेका खत्म हो गया है। नया टेंडर लगा ही नहीं है। शहर में कैमरे लगाने की योजना ठंडे बस्ते में है। बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा व डीएमसी अनुराग ढालिया के साथ मंगलवार को विस्तार से शहर के विकास कार्यों को लेकर चर्चा हुई है। बीजेपी जिलाध्यक्ष व डीएमसी ने उन्हें आश्वासन दिया है जिसके बाद पार्षदों ने धरना स्थगित कर दिया है।

## ओढ़ा में खंड स्तरीय राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन

छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने में महत्वपूर्ण कदमः विक्रमजीत



**सिरसा।** राजकीय विद्यालय ओढ़ा में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए प्राचार्य विक्रमजीत व अन्य। फोटो : हरिभूमि

**ओढां।** पीएम श्री स्कूल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ओढ़ा में खंड स्तरीय राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का संचालन विद्यालय के प्राचार्य विक्रमजीत के मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में किया गया। इस वैज्ञानिक प्रदर्शनी में 45 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्रों ने विज्ञान एवं नवाचार के आधार पर समाज और पर्यावरण को बेहतर बनाने हेतु अपने-अपने मॉडल प्रस्तुत किए। जिसमें सतत कृषि, अपशिष्ट प्रबंधन एवं प्लास्टिक के विकल्प, हरित ऊर्जा, उभरती प्रौद्योगिकियां, मनोरंजक गणितीय मॉडलिंग, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, जल संरक्षण एवं प्रबंधन आदि प्रदर्शनी लगाई गई। प्रधानाचार्या विक्रमजीत ने निर्णायक मंडल के सभी मॉडलों का अवलोकन कर विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच प्रस्तुतीकरण तथा नवाचार कौशल की सराहना की। प्रदर्शनी के निर्णायक मंडल में नवीन कुमार रसायन शास्त्र, सुरेश कुमार जीव विज्ञान और सुमित महला भौतिकी विज्ञान शामिल हुए। यह प्रदर्शनी छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुई। प्राचार्य विक्रमजीत व नवीन कुमार ने बताया कि खंड स्तर पर सात उपविषयों पर होने वाली बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में प्रत्येक उपविषय में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी जिला स्तर पर भाग लेंगे। प्रत्येक खंड से विद्यार्थी अपने मार्गदर्शक अध्यापक के साथ जिला स्तर की प्रदर्शनी में हिस्सा लेंगे। जिला स्तर पर विजेता विद्यार्थी राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा दिखा सकेंगे।

## राधेश्याम बने फतेहाबाद जनसंघर्ष समिति के संयोजक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



राधेश्याम सोनी

शहर के जागरूक नागरिकों की बैठक में आरटीआई कार्यकर्ता राधेश्याम सोनी को फतेहाबाद जनसंघर्ष समिति का संयोजक नियुक्त किया गया है। बैठक में यह तय किया गया कि फतेहाबाद जनसंघर्ष समिति जिले में नागरिक सुविधाओं, पर्यावरण संरक्षण और पारदर्शी प्रशासन से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय रूप से कार्य करेगी। संयोजक राधेश्याम सोनी ने बताया कि समिति फतेहाबाद में जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर पहल करेगी, जिनमें प्रमुख रूप से रेल टिकट बुकिंग काउंटर की स्थापना, जिला पुस्तकालय के लिए भूमि आवंटन करवाना, साइकिल ट्रैक और आदर्श पार्क का निर्माण, डिवाइडरों के बीच हरियाली विकसित कर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना, बाईपास पर स्ट्रीट लाइटें लगवाना, आधुनिक सीवरेज लाइन बिछवाना तथा वर्षा जल संरक्षण के प्रोजेक्ट शुरू करवाना शामिल हैं। उन्होंने कहा कि समिति फतेहाबाद में बागवानी विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु भी प्रयास करेगी, जिससे जिले में शिक्षा और कृषि विकास को नई दिशा मिलेगी।

## कृषि विभाग ने गांव सोत्तर भट्टू में जागरुकता कैंप लगाया

फसल अवशेषों के स्थायी प्रबंधन के लिए रणनीतियों की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** गांव सोतर भट्टू में आयोजित जागरुकता कैंप में किसानों को जानकारी देते कृषि अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

कृषि तथा किसान कल्याण विभाग की ओर से गांव सोत्तर भट्टू में किसानों के लिए एक जागरुकता शिविर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से कृषि विकास अधिकारी नीरज ने किसानों को फसल अवशेषों के स्थायी प्रबंधन हेतु प्रभावी रणनीतियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन से न केवल मृदा स्वास्थ्य में सुधार होता है, बल्कि वायु प्रदूषण में कमी और कृषि उत्पादकता में वृद्धि भी संभव है। कार्यक्रम के दौरान खंड कृषि अधिकारी डॉ. जय कुमार भोरिया ने किसानों को यह भी बताया कि फसल के अवशेषों का सही एवं वैज्ञानिक ढंग से प्रबंधन करके एक स्थायी और पर्यावरण-अनुकूल कृषि प्रणाली विकसित की जा सकती है व किसानों को प्राकृतिक खेती के लाभों के बारे में जागरूक किया और इसे अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कृषि विकास अधिकारी दीपक ने किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं तथा अनुदान पर उपलब्ध कराए जाने वाले नवीन कृषि यंत्रों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## रोड सेफ्टी आर्गेनाइजेशन की कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



सुखदेव कालापीला

रोड सेफ्टी आर्गेनाइजेशन फतेहाबाद के नवनिर्वाचित प्रधान सुखदेव कालापीला ने नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि नई कार्यकारिणी रोड सेफ्टी को लेकर आर्गेनाइजेशन द्वारा किए जा रहे प्रयासों को आगे ले जाने का काम करेगी। सुखदेव कालापीला द्वारा घोषित नई कार्यकारिणी में महेन्द्र नारंग को संरक्षक, विनोद गर्ग भिरड़ाना वाले को वरिष्ठ उपप्रधान, ईश मेहता को उपप्रधान, सचिन बिश्नोई को सचिव, भूप सिंह नैन को कैशियर, प्रवीन धींगड़ा व अंश नारंग को सहसचिव व दीपक सरदाना को मीडिया एडवाइजर नियुक्त किया है। इसके अलावा विजय मेहता को भूना एरिया इंचार्ज, कृष्ण जिंदल को भट्टू एरिया इंचार्ज तथा विवेक अग्रवाल को ऑडिटर बनाया गया है। नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए सुखदेव कालापीला ने कहा कि रोड सेफ्टी आर्गेनाइजेशन फतेहाबाद द्वारा निर्णय लिया गया है कि गर्मी, सर्दी व बरसात के मौसम में ट्रेफिक पुलिस कर्मचारियों को होने वाली परेशानियों को देखते हुए बीघड़ चौक पर एक पुलिस बूथ का जल्द ही निर्माण करवाया जाएगा।

**चेतावनी** — डीसी ने ली कृषि, पंचायत, राजस्व और पुलिस अधिकारियों की बैठक

# पराली प्रबंधन : गांवों में फ्लैग मार्च के साथ पुलिस को तैनात करने के निर्देश

- पराली जलाने की घटनाओं को शून्य पर लाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** गांवों का दौरा करते ग्राम स्तरीय टीम में शामिल अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने आज राजस्व व कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्र में रहकर लगातार किसानों से संपर्क कर उन्हें पराली प्रबंधन के लिए जागरूक करें ताकि किसी भी प्रकार की आगजनी की घटनाओं को शून्य स्तर पर लाया जा सके। इसके साथ ही पुलिस विभाग को भी निर्देश दिए गए कि वे गांव स्तर पर फ्लैग मार्च के साथ-साथ प्रत्येक खंड स्तरीय टीम के साथ पुलिस भी तैनात की जाए।

बैठक में उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने विकास एवं पंचायत विभाग, राजस्व विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग को आदेश दिए कि अपने-अपने अधीनस्थ अधिकारी व कर्मचारी को निर्देशित करे की वे अपने संबंधित क्षेत्र में किसानों से संपर्क स्थापित करें ताकि आगजनी की घटनाओ को कम किया जा सके। उपायुक्त ने सहायक कृषि अभियंता को निर्देश दिए कि किसानों की जरूरत अनुसार उन्हें बेलर उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा उपायुक्त ने फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम के तहत नियुक्त की गई ग्राम स्तरीय नोडल अधिकारी, खंड स्तरीय निगरानी टीम तथा उप मंडल स्तरीय निगरानी टीम के अधिकारियों व कर्मचारियों को भी निर्देश दिए हैं कि जो किसान पराली के अवशेष में आगजनी करते हैं उनके विरूद्ध एनजीटी के दिशा निर्देशानुसार कार्रवाई अमल में लाए। उन्होने किसानों से अपील भी की वे अपने खेतों में धान की पराली की गांठ बनाकर गोशाला में देकर तथा पंचायती जमीन पर इसका भंडारण करके सरकार द्वारा चलाई जा रही स्कीम के तहत 1200 रुपये प्रति एकड़ का लाभ उठाएं। बैठक में एडीसी अनुराग ढालिया, एसडीएम आकाश शर्मा व सुरेंद्र सिंह, डीएसपी कुलवंत सिंह, डीआरओ श्याम लाल, डीडीए डॉ. राजेश सिहाग, डीडीपीओ अनूप सिंह, डीएचओ डॉ. श्रवण कुमार, डीडीएएच डॉ. सुखविंद्र सिंह सहित राजस्व और कृषि विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### फायर ब्रिगेड के साथ गांवों में किया दौरा

फसल अवशेष प्रबंधन को बढ़ावा देने व पराली में आग लगाने से रोकने के उद्देश्य से कृषि विकास अधिकारी डॉ. अंकित ढिल्लों के नेतृत्व में ग्राम स्तरीय टीम ने फायर ब्रिगेड के साथ मिलकर गांव धारनिया, सालमखेड़ा, चपलामोरी, धागड़, बीघड़ आदि क्षेत्रों में दौरा किया। इस दौरान किसानों को पराली में आग न लगाने, सुपर सीडर एवं अन्य मशीनों के माध्यम से पराली प्रबंधन अपनाने के लिए जागरूक किया गया। टीम ने खेतों में चल रहे कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर सरपंच हरिकिशन, ग्राम सचिव सपना, महावीर, वीएलडीए अमित कुमार सहित अन्य अधिकारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### नगर कीर्तन यात्रा 18 को रतिया में

**रतिया।** श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में रतिया में 18 नवंबर को नगर कीर्तन यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। इस कीर्तन यात्रा के आगमन को लेकर उपमंडलाधीश सुरेन्द्र सिंह ने अपने कार्यालय में संबंधित अधिकारियों और गुरुद्वारा प्रबंधक समितियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

### डोडा पोस्त तस्करी के मामले में युवक काबू

**फतेहाबाद।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत फतेहाबाद पुलिस ने कचरा डोडा पोस्त मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बचन सिंह पुत्र जरनैल सिंह निवासी गांव नकटा, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि 13 अक्टूबर को पुलिस पार्टी रूटीन गश्त के दौरान संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए जांच कर रही थी।

### सड़क हादसे में आरोपी चालक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** सड़क हादसे में एक युवक की मौत होने के मामले में रतिया पुलिस ने आरोपी गाड़ी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान राहुल पुत्र रामकुमार, निवासी हांसी, जिला हिसार के रूप में हुई है। थाना प्रबंधक शहर रतिया प्रभारी उप-निरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि 4 नवंबर को शिकायतकर्ता की शिकायत पर आरोपी को काबू किया।

यूएलबी की सेवाओं को और बेहतर बनाने पर दिया जोर

# शिविर में शहर के विकास को गति देने पर विस्तार से मंथन

छोटे-छोटे सुधार व कार्यकुशलता नगर निकायों की कार्यप्रणाली को प्रभावशाली बनाने में सहायक : नीरज



**हिसार।** प्रशिक्षण शिविर में चर्चा करते निगमायुक्त नीरज एवं विशेषज्ञ। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली, हरियाणा सरकार और नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को नगर निगम के मुख्य सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य जिले की सभी शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) द्वारा दी जा रही सेवाओं को बेहतर बनाना है,ताकि नागरिकों को बेहतर शहरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। शिविर की अध्यक्षता निगमायुक्त नीरज ने की। इस अवसर पर भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली के कोऑर्डिनेटर सीयूएस केके पांडे ने कार्यशाला का संचालन किया और एनआईयूए के पूर्व प्रोफेसर वीके धर ने विशेषज्ञ के रूप में प्रशिक्षण सत्र में अपने विचार दिए। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ के अवसर पर निगमायुक्त नीरज ने कहा कि यह आयोजन सरकार, संस्थान और नगर निगम के बीच समन्वय का प्रतीक है। इसका उद्देश्य यह जानना है कि अधिकारी और कर्मचारी अपनी सेवाओं को किस प्रकार और बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे सुधार, कार्यकुशलता और योजनाबद्ध क्रियान्वयन से नगर निगम, नगर परिषद और नगर पालिका की कार्यप्रणाली को प्रभावशाली बनाया जा सकता है।

#### यह रहे उपस्थित

शिविर में चीफ इंजीनियर बी.के. कर्दम, विशेष स्वच्छता अधिकारी हरबीर, अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, अतिरिक्त निगम आयुक्त वीरेन्द्र सहारण, एक्सईएन अमित कौशिक, एक्सईएन जयबीर डूडी, सीनियर अकाउंट ऑफिसर अशोक नेहरा, एमई अमित बेरवाल, एमई सुनील लाम्बा, एमई कर्मपाल सिंधू सहित जेई, एएसआई, विशेषज्ञ सहित नगर परिषद हांसी, नगर परिषद बरवाला, नगर पालिका नारनौंद, नगर पालिका उकलाना के अधिकारी व कर्मचारी सहित 39 प्रतिभागी भी उपस्थित रहे।

#### वर्तमान सेवाओं की स्थिति

नगर निगम सफाई व्यवस्था, सड़क निर्माण, कचरा निपटान, स्ट्रीट लाइट, और सार्वजनिक उद्यानों के रखरखाव जैसी मूलभूत सेवाएं दे रहा है। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की व्यवस्था लागू है और भविष्य में गीले कचरे से कंपोस्ट खाद व गैस बनाने के प्लांट स्थापित करने की योजना है। डिजिटल बिलिंग और ऑनलाइन शिकायत निवारण पोर्टल से नागरिकों को सुविधा मिल रही है। अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा ने बताया कि हरियाणा शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने नागरिकों के लिए ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया है।

#### भविष्य की दिशाओं पर दिया जोर

वक्ताओं ने कहा कि यदि नगर निगम संसाधनों का योजनाबद्ध उपयोग करे, तकनीकी सुधारों को अपनाए और नागरिकों को भागीदार बनाए तो शहर न केवल स्वच्छ और सुंदर बनेगा बल्कि सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ेगा। स्वच्छ सिटी की अवधारणा तभी सफल होगी जब नागरिक और निगम मिलकर शहर के विकास में अपनी भूमिका निभाएं।

#### सेवाओं में सुधार लाने के लिए ठोस कदम

प्रशिक्षण में कोऑर्डिनेटर के.के. पांडे ने कहा कि नगर निगम की भूमिका शहर के तीव्र विकास और बढ़ती जनसंख्या के बीच और भी महत्वपूर्ण हो गई है। निगम को अब आधुनिक तकनीक, पारदर्शिता और नागरिक सहभागिता के माध्यम से सेवाओं में सुधार लाने की दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

# पंजाबी भाषा प्रतियोगिता में कंचन रही प्रथम, रितिका को मिला दूसरा स्थान

- राजकीय मॉडल स्कूल नलवा में करवाई प्रतियोगिता


**हिसार।** प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थी। *फोटो :हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नलवा में कक्षा छठी व सातवीं कक्षा में पंजाबी भाषा पढ़ने वाले बच्चों में एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पंजाबी भाषा अध्यापक गौरव भुटानी ने बताया कि यह प्रतियोगिता गुरु नानक देव जी की जयंती को ध्याम में रखते हुए करवाई गई। इसमें विशेष रूप से बाबा बंदा सिंह बहादुर सिख स्टडी सर्कल संस्था दिल्ली का सहयोग रहा। गौरव भुटानी ने बताया कि नलवा स्कूल के कक्षा छह व सात के पंजाबी भाषा के 52 विद्यार्थियों में कलर शीट पर इक ओंकार में रंग भरवाकर ये प्रतियोगिता करवाई गई। इसमें मुख्य रूप से परिणाम घोषणा प्रसिद्ध चित्रकार व पेंटर थरिंदर पाल सिंह हांसी द्वारा ऑनलाइन की गई। प्रतियोगिता में कक्षा छठी की कंचन प्रथम स्थान पर रही। द्वितीय स्थान रितिका सातवीं कक्षा व तीसरे स्थान पर अन्नु कक्षा सातवी रही। बच्चों को बाबा बंदा बहादुर स्टडी सर्कल की तरफ़ से इनाम दिए गए। स्टाफ सदस्यों में प्राध्यापिका रजनी, एनसीसी इंचार्ज पूनम रानी व गौरव भुटानी मौजूद रहे।

# बिजली निगम के एमडी ने वार्ता समिति को दिया समस्या के समाधान का आश्वासन


**हिसार।** बिजली निगम के एमडी अशोक गर्ग से वार्ता करते कर्मचारी नेता। *फोटो :हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

एचएसईबी वर्कर्स यूनियन की वार्ता समिति ने कर्मचारियों की मांगों एवं समस्याओं के समाधान के लिए बिजली निगम कें प्रबंध निदेशक अशोक गर्ग के साथ बैठक की।

बैठक के दौरान कर्मचारियों से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर एमडी से विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। एमडी ने सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। यूनियन ने अवगत कराया कि कर्मचारियों की मांगों से संबंधित विस्तृत ज्ञापन शीघ्र ही प्रेषित किया जाएगा।

इस अवसर पर यूनियन के महासचिव यशपाल देशवाल, वरिष्ठ उप प्रधान अशोक शर्मा, मुख्य संगठनकर्ता विनोद शर्मा, वित्त सचिव अनिल पहल, प्रेस सचिव श्याम लाल खोड़, ऑडिटर मनोज सैनी, उप महासचिव सतेंद्र सहारण एवं विजय हुड्डा सहित सभी वार्ता समिति सदस्य उपस्थित रहे।

# प्रदेशाध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस 18 को हिसार में करेगी धरना-प्रदर्शन

- कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर जनता को सच्चाई बताएं : बृजलाल


**हिसार।** बैठक को संबोधित करते ग्रामीण जिलाध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के जिला अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया की अध्यक्षता में मंगलवार को कांग्रेस भवन में मासिक जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, जनसंपर्क अभियानों और आगामी राजनीतिक रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक का मुख्य विषय प्रदेशभर में चल रहे कांग्रेस का वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान रहा। संगठन ने इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और जनता में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 18 नवंबर को हिसार में जिला स्तरीय विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह मुख्य अतिथि होंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया करेंगे। बहबलपुरिया ने कहा कि यह सिर्फ विरोध नहीं, बल्कि जनता की आवाज है।


**नारनौंद।** शिविर के दौरान छात्रों को जागरूक करती हुई एनएसएस प्रभारी सुमन।

### छात्रों ने प्लास्टिक प्रयोग न करने के लिए शपथ

**नारनौंद।** राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को एनएसएस इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ. पंकज गोयत की अध्यक्षता में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान एनएसएस प्रभारी सुमन बडेसरा ने स्वयंसेवकों को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय में प्लास्टिक मुक्त परिसर अभियान चलाया गया। साथ ही छात्रों ने शपथ ली कि वे भविष्य में प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे और इसके लिए अन्य लोगों को भी जागरूक किया जाएगा। डॉ नैना ने स्वयंसेवकों को पर्सनल हाइजीन के बारे में जागरूक किया। इसके अलावा इस शिविर में स्वयंसेवकों द्वारा सामाजिक बदलाव में युवाओं की भूमिका विषय पर कहा कि आज समाज में बड़ा बदलाव हो रहा है। स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ इस शिविर का समापन किया गया। इस अवसर पर हरदीप ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# दिल्ली ब्लास्ट के बाद हरकत में आई पुलिस, जिले की सीमा पर चेकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद


**नारनौंद।** पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन चेकिंग करते हुए।

दिल्ली ब्लास्ट के बाद पुलिस हरकत में आ गई इसी को लेकर पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन भारी पुलिस बल के साथ जिले की सीमा पर गांव राजथल में बने पुलिस नाके का जायजा लेने पहुंचे और पुलिसकर्मियों को कड़े आदेश दिए। आने जाने वाले सभी वाहनों की गहनता से चेकिंग की जाए। ताकि अपराधी किस्म के लोगों पर लगाम लगाई जा सके।

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने बताया कि निरीक्षण के दौरान नाके पर वाहनों की चेकिंग व्यवस्था, तैनात पुलिस कर्मियों की उपस्थिति तथा क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति का विस्तार से अवलोकन किया। उन्होंने ड्यूटी पर मुस्तैदी से कार्य करने, संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों पर कड़ी नजर रखने तथा आमजन के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके उपरान्त पुलिस अधीक्षक ने पुलिस चौकी मिर्चपुर का भी औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चौकी में रखे आपराधिक रिकॉर्ड, रोजनामचा, शिकायत रजिस्टर व अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया। उन्होंने चौकी इन्चार्ज कक्ष, मुंशी कक्ष एवं चौकियों की समग्र स्वच्छता व अनुशासन व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चौकी इन्चार्ज को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि चौकी में आने वाली सभी शिकायतों का विधिवत इंद्राज कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# गुरु तेग बहादुर के आदर्शों को अपनाने का किया आह्वान

- लुवास में गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत वर्षगांठ पर सेमिनार का आयोजन


**हिसार।** सेमिनार में उपस्थित लुवास के अधिकारी व अतिथिगण। *फोटो :हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) में मंगलवार को गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक सारगर्भित एवं प्रेरणादायक सेमिनार का आयोजन विश्वविद्यालय के वेटरनरी ऑडिटोरियम में किया गया। सेमिनार छात्र कल्याण निदेशालय के तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एसएस ढाका थे। उन्होंने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान केवल धर्म की रक्षा के लिए नहीं था, बल्कि सत्य, मानवता और स्वतंत्र विचारों की रक्षा का प्रतीक था। डॉ. ढाका ने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे गुरु तेग बहादुर जी के आदर्शों सत्य, साहस और करुणा को अपने जीवन में अपनाकर एक संवेदनशील, नैतिक और जिम्मेदार नागरिक बनें। सेमिनार का संचालन एवं समन्वयन डॉ. संदीप कुमार गुप्ता ने किया।

# गुजवि के विद्यार्थियों ने किया आरएमएससी केंद्र का भ्रमण

- इस भ्रमण में विभाग के 72 विद्यार्थियों ने भाग लिया, सभी को शिक्षा और तकनीकी का महत्व बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


**हिसार।** गुजवि में रिसोर्स मैनेजमेंट एंड सस्टेनेबिलिटी सेंटर का भ्रमण करने वाला दल।

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के तीसरे सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने रिसोर्स मैनेजमेंट एंड सस्टेनेबिलिटी सेंटर (आरएमएससी) का भ्रमण किया। भ्रमण का आयोजन सिविल इंजीनियरिंग विभाग के नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर के सौजन्य से किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने विभाग के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन से व्यावहारिक शिक्षण और सतत विकास आधारित अधिगम को प्रोत्साहन मिलता है। सिविल इंजीनियरिंग विभाग की अध्यक्षा प्रो. आशा गुप्ता ने नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर द्वारा किए गए इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे फील्ड विजिट विद्यार्थियों को व्यवहारिक शिक्षण प्रदान करते हैं और सतत इंजीनियरिंग के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं। इस भ्रमण में विभाग के 72 विद्यार्थियों ने भाग लिया। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, कम्पोस्टिंग तथा रीसाइक्लिंग प्रक्रियाओं की व्यवहारिक जानकारी प्रदान करना था। मैनेजमेंट के नोडल अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार ने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय परिसर में दी विशेष जानकारी।

# गुरु जम्भेश्वर भगवान के परिनिर्वाण दिवस पर साथरी में जागरण आज

- 13 को सुबह होगा हवन, सबदवाणी का पाठ करेंगे अनुयायी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


डॉ स्वामी सच्चिदानंद

श्री गुरू जम्भेश्वर भगवान के 490वें महा परिनिर्वाण दिवस पर 12 नवंबर की सायं लालासर साथरी में जागरण का आयोजन किया जाएगा। अगले दिन सुबह हवन होगा और मेले के रूप में परिनिर्वाण दिवस का समापन होगा। लालासर साथरी के महंत डॉ. स्वामी सच्चिदानंद महाराज ने बताया कि विक्रमी संवत 1593 मार्गशीर्ष बदि नवमी को गुरू जाम्भोजी ने लालासर ग्राम की रोही में हरि कंकेड़ी के वृक्ष के नीचे अपने दिव्य शरीर का परित्याग किया था। तत्पश्चात मुकाम में उनकी देह को समाधिस्थ किया गया था। तबसे लेकर अद्योपर्यंत इस दिवस को बिश्नोई समाज में चिलत नवमी अथवा चलत नवमी के नाम से जाना जाता है। इस दिन बिश्नोई समाज व गुरु जाम्भोजी में आस्था रखने वाले जन खेती आदि कार्यों का अवकाश रखते हुए साखी, सबदवाणी पाठ के साथ विष्णु स्मरण करते है। गुरुवार सुबह गुरू जाम्भोजी की वाणी के साथ वातावरण शुद्धि व जगत कल्याण के लिए विशाल यज्ञ होगा। यज्ञ के बाद गुरू जाम्भोजी की शिक्षाओं का वर्तमान परिप्रेक्ष्य में चिंतन होगा। राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, मध्यप्रदेश सहित पूरे देश भर से श्रद्धालुओं का संगम होगा।

# जिला स्तरीय मासिक चिन्हित अपराध व डीटीपी टास्क फोर्स कमेटी की समीक्षा

- अवैध कॉलोनियों पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

लघु सचिवालय स्थित वीसी सभागार में उपायुक्त अनीश यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मासिक चिन्हित अपराध, एससी/एसटी एक्ट केस समीक्षा, किशन भाई वर्सेस स्टेट ऑफ गुजरात मामले तथा डीटीपी टास्क फोर्स कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ अवैध कॉलोनियों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पोक्सो तथा एससी एसटी एक्ट जैसे मामलों में जल्द से जल्द चालान देने व गवाहों के ब्यान दर्ज करवाने की दिशा में त्वरित कार्यवाही करें। बैठक में उपायुक्त ने जिला न्यायवादी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि चिन्हित अपराधों से जुड़े मुकदमों में त्वरित कार्रवाई की जाए। डीटीपी टास्क फोर्स कमेटी की बैठक के दौरान जिला नगर योजनाकार ने बताया कि जिले में अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। बैठक में नगराधीश हरिराम, जिला न्यायवादी दीपक लेघा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

21वां ऑल इंडिया वाइस-चांसलर्स टी-20 क्रिकेट कप टूर्नामेंट आयोजित

# पीएयू की टीम ने एचएयू को रोमांचक मुकाबले में एक रन से हराया

छठे दिन के लीग मुकाबलों में मेजबान लुवास की ऐतिहासिक जीत


**हिसार।** 21वां ऑल इंडिया वाइस-चांसलर्स टी-20 क्रिकेट कप टूर्नामेंट में मैच खेलते खिलाड़ी। *फोटो :हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) में आयोजित 21वां ऑल इंडिया वाइस-चांसलर्स टी-20 क्रिकेट कप टूर्नामेंट के छठे दिन मंगलवार को विभिन्न मैदानों पर कुल 10 लीग मुकाबले खेले गए। सभी मैचों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

आज के दिन का सबसे शानदार मुकाबला लुवास हिसार और शिवाजी यूनिवर्सिटी के बीच सीआरसीसी ग्राउंड, हिसार में खेला गया। लुवास हिसार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 20 ओवर में 223 रन बनाकर 4 विकेट खोए। जवाब में शिवाजी यूनिवर्सिटी की टीम केवल 58 रन बनाकर 9 विकेट पर सिमट गई। लुवास हिसार ने यह मुकाबला 165 रनों के विशाल अंतर से जीता। पीएयू लुधियाना तथा एचएयू, हिसार के बीच मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। इसमें पीएयू की टीम ने 201/5 का बड़ा स्कोर खड़ा किया। जवाब में एचएयू हिसार की टीम ने शानदार संघर्ष किया परंतु 200/6 तक ही पहुंच सकी। पीएयू लुधियाना ने यह मैच मात्र 1 रन से जीत लिया।

#### टूर्नामेंट रोमांचक चरण में पहुंचा

*जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. निलेश सिन्धु ने बताया कि आज के मुकाबलों में सभी टीमों ने उम्दा प्रदर्शन किया। विशेष रूप से लुवास हिसार की टीम ने अपने घरेलू मैदान पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की, जिसमें डॉ. सतबीर शर्मा के शानदार प्रदर्शन ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। टूर्नामेंट अब अपने रोमांचक चरण में प्रवेश कर चुका है और आने वाले दिनों में और भी दिलचस्प मुकाबलों की उम्मीद की जा रही है।*

#### ये रहा प्रदर्शन

सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा तथा एसकेयूएएसटी,कश्मीर के बीच खेले गए मैच में सेंटरल यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए 8 विकेट से पराजित किया। गुजवि हिसार तथा सेंटरल यूनिवर्सिटी ऑफ जम्मू के बीच एक और शानदार मुकाबले में गुजवि ने सेंटरल यूनिवर्सिटी ऑफ जम्मू को 4 विकेट से हराया। एमडीयू, रोहतक तथा यूनिवर्सिटी ऑफ मुंबई के बीच हुए मुकाबले में एमडीयू ने एकतरफा प्रदर्शन करते हुए यूनिवर्सिटी ऑफ मुंबई को 10 विकेट से पराजित किया।